# भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

क्षेत्रीय मुख्यालय (उत्तरी क्षेत्र), प्रचालन कार्यालय,
रंगपुरी, गुडगांव रोड, नई दिल्ली

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, क्षेत्रीय मुख्यालय (उत्तरी क्षेत्र) एवं उसके अन्तर्गत आने वाले हवाई अड्डों के लिए वेतनमान रू. 14500–33500 एवं भत्ते (IDA Pattern) में वरिष्ठ सहायक (राजभाषा) एन.ई.–06 स्तर के 06 (छः) पदों को भरने हेतु अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । पदों की संख्या घटाई एवं बढाई जा सकती है एवं आरक्षण नियमानुसार रहेगा ।

वरिष्ठ सहायक (राजभाषा) ग्रुप सी (एनई–6) के लिए योग्यता मानदण्ड इस प्रकार है :–

| कम सं. | पद का नाम एवं संवर्ग | आवश्यक शैक्षणिक योग्यता | वेतनमान (आइडीए पैटर्न) |
|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ सहायक (राजभाषा) (एनई–6) | स्नातक स्तर पर अंग्रेजी विषय के साथ हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा स्नातक स्तर पर हिन्दी विषय के साथ अंग्रेजी में स्नातकोत्तर उपाधि ।<br>**अथवा**<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविधालय से हिन्दी/अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर उपाधि, साथ ही स्नातक स्तर पर <u>हिन्दी एवं अंग्रेजी</u> अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रूप में ।<br>**अथवा**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी/अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर उपाधि, साथ ही स्नातक स्तर पर हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम तथा अंग्रेजी/हिन्दी अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रूप में अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में । अर्थात् स्नातक स्तर पर यदि हिन्दी माध्यम है तो अंग्रेजी अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रूप में हो और यदि अंग्रेजी माध्यम है तो हिन्दी अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रूप में हो ।<br>**अथवा**<br>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातक उपाधि साथ ही हिन्दी तथा अंग्रेजी अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रूप में अथवा दोनों में से कोई एक परीक्षा के माध्यम के रूप में और अन्य अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रूप के साथ ही हिन्दी से अंग्रेजी व अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करने का मान्यता प्राप्त डिप्लोमा/प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम अथवा भारत सरकार के उपक्रमों सहित केन्द्र/राज्य सरकार के कार्यालयों अथवा प्रतिष्ठित संस्थानों आदि में हिन्दी से अंग्रेजी व अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कार्य का दो वर्ष का अनुभव ।<br><br>वांछनीय : हिन्दी टंकण का ज्ञान । | रू.14500–33500 |

1. उम्र सीमा – 18–30 वर्ष । **उम्र, अर्हता एवं अनुभव 15.02.2013 (शुक्रवार) के अनुसार मानी जायेगी ।**
2. आयु में छूट नियमानुसार लागू होगी ।
3. अन्य पिछडे वर्ग के अभ्यर्थी अपने आवेदन के साथ प्रमाण–पत्र जमा करें कि वे क्रीमी लेयर के नहीं है ।
4. भूतपूर्व सैनिक के मामले में उपरी आयु सीमा में प्रदत्त सेवा अवधि के अनुसार 03 वर्ष की छूट होगी ।
5. सरकारी कर्मचारी को उचित माध्यम द्वारा आवेदन करना होगा तथा उन्हें आयु सीमा में कोई अतिरिक्त छूट नहीं मिलेगी ।
6. वेतनमान के अतिरिक्त, पद पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में प्रचलित विनियमन के अनुसार अन्य सुविधाएँ भी लागू होगी ।

सामान्य शर्ते

1. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी आवेदन को अस्वीकृत करने, उच्च मानदण्ड निर्धारित करने, अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में बुलाने का अधिकार सुरक्षित रखता है तथा इस विषय पर किसी पत्राचार पर ध्यान नहीं दिया जायेगा ।

2. निर्धारित प्रपत्र में पूरा विवरण देते हुए सादे कागज पर आवेदन के साथ हाल की दो पासपोर्ट माप की फोटो, राजपत्रित अधिकारी द्वारा यथा अनुप्रमाणित हो, जिसमें एक आवेदन के मुख पर उपर दाहिने हाथ के कोने पर चिपकाया गया हो तथा अन्य दूसरी फोटो आवेदन पत्र के साथ लगी हों तथा यह क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (उत्तरी क्षेत्र), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तरी क्षेत्र), प्रचालन कार्यालय, रंगपुरी, गुडगांव रोड, नई दिल्ली–110037 को **15.02.2013 तक या उससे पहले** पहुॅच जाना चाहिए ।

3. अनारक्षित/अन्य पिछडे वर्ग के अभ्यर्थी आवेदन के साथ **दिल्ली को देय भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण** के नाम पर से आहरित राष्ट्रीयकृत बैंक से **रूपये 400/–(रूपये चार सौ मात्र)** (Non-refundable in any circumstances) का डिमाण्ड ड्राफ्ट देंगे । **अ.जा./अ.जा.ज. /शारीरिक विकलांग (PWD) एवं महिला अभ्यर्थी शुल्क के भुगतान से विमुक्त हैं ।**

4. अधूरे आवेदन, जो योग्यता–मानदण्ड/आवेदन प्रपत्र के अनुसार नहीं है अथवा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त हुए एवं शंसापत्र/प्रमाण–पत्र की प्रतियॉ, उम्र प्रमाण, फोटोग्राफ, अर्हता, वर्ग एवं अनुभव आदि के बिना प्राप्त होते हैं उनको सरकारी तौर पर रद्द कर दिया जाएगा एवं इस विषय पर किसी अनुरोध पर ध्यान नहीं दिया जाएगा । केवल विज्ञापन में दी गयी मॉग को पूरा कर लेना अभ्यर्थी को परीक्षा एवं साक्षात्कार के लिए अर्हता नहीं देता । इस मामले में चयनित अभ्यर्थी के अलावा किसी और को अलग से कोई सूचना जारी नहीं की जायेगी ।

5. डाक द्वारा देरी होने के कारण जो आवेदन पत्र अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होंगे उन पर कोई विचार एवं पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

6. केवल डाक द्वारा प्राप्त आवेदन पत्र ही स्वीकृत होंगे, व्यक्तिगत तौर पर या और किसी भी माध्यम द्वारा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं लिए जाऐगें ।

7. एक अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक आवेदन करने पर उसके आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

8. प्रबन्धन उपर दर्शाये गये किसी भी रिक्त स्थान की पूर्ति नहीं करने या रिक्त स्थान को आवश्यकतानुसार बढाने/घटाने का अधिकार रखता है । साथ ही परीक्षा /साक्षात्कार को रद्द करने एवं स्थगित करने का अधिकार रखता है ।

9. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछडा वर्ग/भूतपूर्व सैनिक का प्रमाण–पत्र सही निर्धारित प्रपत्र में होना चाहिए एवं उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो ।

10. आवेदन के साथ संलग्न अनुभव प्रमाण–पत्र में पद की प्रकृति, कार्यावधि, कार्य निष्पादित, कार्य छोडने का कारण, जारी करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर, पदनाम के साथ उनके पते का उल्लेख साफ तौर पर दिया जाय । सभी अनुभव अर्हता प्राप्ति के बाद के हों अंशकालिक अनुभव पर विचार नहीं किया जाएगा ।

11. केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/स्वायत निकाय में कार्यरत अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार के समय अनापत्ति–प्रमाण–पत्र आवश्यक है एवं वे उचित माध्यम द्वारा अपना आवेदन भेजें ।

12. **आवेदन तथा अन्य कागजातों वाले लिफाफे पर आवेदित पद का नाम दर्शाया जाना चाहिए ।**

13. प्रबन्धन के स्वनिर्णय पर यह पद भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के किसी भी कार्यालय में स्थानान्तरित किया जा सकता है । जहॉ भी प्रयोज्य होगा चयनीत अभ्यर्थी को रात–दिन की ड्यूटी पर तैनात किया जा सकता है ।

14. लिखित परीक्षा में बैठने के लिए टी.ए./डी.ए. नहीं दिया जाएगा ।

15. उम्मीदवारी पर किसी भी रूप में बाहरी स्त्रोतों से दबाव डालने का प्रयास अयोग्यता सिद्ध करेगा एवं ऐसे अभ्यर्थी की उम्मीदवारी को रद्द साबित करेगा । चयन–समिति के निर्णय को चुनौती नहीं दी जा सकती एवं निर्णय अन्तिम होगा और यह प्रत्येक अभ्यर्थी पर बाध्यकारी होगा ।

# आवेदन प्रपत्र

हाल का पासपोर्ट माप का एक फोटो चिपकाएँ जो राजपत्रित अधिकारी द्वारा अनुप्रमाणित हो ।

1. आवेदित पद : वरिष्ठ सहायक (राजभाषा)

2. अभ्यर्थी का नाम (बडे अक्षरों में) : ____________________

3. पिता / पति का नाम : ____________________

4. जन्म–तिथि : ____________________

5. लिंग : ____________________

6. राष्ट्रीयता : ____________________

7. (क) आरक्षित कोटि (कृप्या उपयुक्त खाने में निशान लगायें)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ.जा. | | अ.ज.जा. | | अ.पि.व. | | भूतपूर्व सैनिक | |

(ख) क्या आप अल्प संख्यक समुदाय के हैं : ____________________
यदि हॉ, तो समुदाय जिससे जुडे हैं,
उसका नाम बताएँ ____________________

8. भाषा ज्ञान (पढना / लिखना / बोलना) : ____________________

9. सम्पूर्ण पत्राचार पता (बडे अक्षरों में) : ____________________
____________________
____________________

10. पूरा स्थायी पता (बडे अक्षरों में) : ____________________
____________________
____________________

11. शैक्षणिक योग्यता (10वीं से आगे)

| शैक्षणिक योग्यता | परीक्षा का माध्यम (हिन्दी / अंग्रेजी / अन्य) | उत्तीर्ण होने का वर्ष | विषय | बोर्ड / विश्वविद्यालय / संस्थान | प्राप्तांक का प्रतिशत / परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

12. टंकण गति :
(क) हिन्दी में : ____________________
(ख) अंग्रेजी में : ____________________